## खबर संक्षेप





### गुरुद्वारा में नई प्रबंधक कमेटी का हुआ गठन

**महासमुंद।** गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर महासमुंद के समस्त संगत की उपस्थिति में नई प्रबंधक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से संरक्षक पद पर सरदार अवतार सिंघ मल्होत्रा एवं अध्यक्ष पद पर सरदार दिलीप सिंघ गुरुदत्ता को नियुक्त किया गया है। 8 सदस्य पद पर सरदार मनमीत सिंघ गुरुदत्ता, सरदार सतनाम सिंघ मक्कड़, सरदार सतनाम सिंघ चावला, सरदार नारायण सिंघ गुरुदत्ता, सरदार गुलजीत सिंघ पाहूजा, सरदार जसमीत सिंघ मक्कड़, सरदार हरजीत सिंघ मक्कड़, भाई मंगू खत्री शामिल हैं।



### पुराने विवाद को लेकर ससुर-बहू से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी में दो लोगों ने पुराने विवाद को लेकर ससुर-बहू से मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी धनीराम साहू महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 24 नवंबर की रात करीब 8 बजे घर के सामने लोकेश निषाद और लखन निषाद दोनों एक वर्ष पूर्व पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज रहे थे, जब मना किया तो आरोपियों ने एक राय होकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया। साथ ही बहू दुर्गा साहू के साथ भी गाली गलौज करते हुए जमीन पर घसीट कर मारपीट किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम पिरदा में ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सुबह 9.30 बजे डिग्रीलाल साहू अपने मोटर सायकल सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 04 एल 6039 में भाभी सुबलया साहू के साथ में अपने ससुराल किशनपुर जा रहा था। ग्राम पिरदा से बरेकेल रोड में डोलचंद के दुकान के आगे पिरदा पहुंचने पर जॉन डियर ट्रैक्टर के चालक चंद्रशेखर नायक ग्राम अजगरखार ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर डिग्रीलाल साहू के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घायल अवस्था में उसे निजी नर्सिंग होम बसना ले जाया गया, डॉक्टर ने चेक कर मौत हो जाना बताया। वहीं सुबलया साहू के गले व कान के पास चोट लगी है। जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई अनंत साहू निवासी मिलाराबाद की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(बी), 281बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# जहां ताला लटक रहा वहां बताया गया 12 दिव्यांग बालिकाओं का होना

## दिव्यांग बालिकाओं को जिस जगह रखा गया वहां एक हफ्ते से लगा है ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में दिव्यांगजनों और वृध्दजनों के लिए समाज कल्याण विभाग के सहयोग से शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित घरौंदा और वृद्धाश्रम चर्चा में है। विभाग की मानें तो अनुदान नहीं मिलने के कारण संस्था द्वारा मनोविकास केंद्र के संचालन पर असहमति जताते हुए दिव्यांग बालिकाओं को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं सोमवार को एक अखबार में यहां 12 दिव्यांग बालिकाओं के होने की बात प्रकाशित होना चौंकाने वाला रहा। वस्तुस्थिति की जांच में नयापारा राजपूत भवन के चौकीदार ने भी यहां सप्ताह भर से ताला लगा होने की पुष्टि की है।



बता दें कि शहर के नयापारा स्थित राजपूत भवन में संचालित घरौंदा में पिछले 8 दिनों से ताला लगा हुआ है। यहां रह रही बालिकाएं उनके घर भेजी जा चुकी हैं लेकिन, बच्चों के अन्य सामान अब भी इसी भवन में बंद कर रखे गए हैं, बच्चों को लौटाए नही गए हैं। यहां तक दिव्यांगजनों की सुविधाओं के लिए मिली दान की वस्तुएं जैसे कम्बल, स्वेटर, खाने की थाली सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं को भी दिव्यांग बालिकाओं को लौटाया नही गया है।

### मामले में सघन जांच की आवश्यकता

सूत्रों से जानकारी मिली है कि ग्राम बेलसोंडा निवासी रेखा धीवर नामक दिव्यांग बालिका को राजिम की उस संस्था में रखा गया जहां 18 वर्ष से अधिक के दिव्यांग बालिकाओं को रखे जाने की पात्रता नहीं है। उक्ताशय की जानकारी एक अन्य दिव्यांग बालिका के पिता सुरेश तारक निवासी कोमा द्वारा दी गई है। इनकी पुत्री द्वारा राजिम में रखे जाने और वस्तुस्थिति की जानकारी देते हुए अपने पिता को राजिम से ले जाने हेतु बुलाया गया था। यहां संस्था द्वारा संचालन में असमर्थता जताए जाने के बाद कौन-कौन बालिकाएं कहां-कहां रहीं हैं अथवा उनके परिजनों का सहमति पत्र के साथ प्रत्येक पहलू की जांच हो, अन्यथा इसके चलते विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे।

### जानकारी ली जाएगी: संगीता सिंह

समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह ने कहा कि शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा घरौंदा संचालन में असमर्थता जताते हुए पत्र सप्ताह भर पहले ही सौंप दिया गया है। बालिकाओं के घर पहुंचने और सभी बच्चों की पूरी जानकारी जुटा कर अवगत कराया जाएगा।

## मुकाबला : 30 राज्यों से हैंडबॉल के 796 खिलाड़ी पहुंचे, हुआ भव्य शुभारंभ

# शहर में लगा देशभर के खिलाड़ियों का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की शुरुआत सोमवार को स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल जलाकर एवं ध्वजारोहरण के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर रंग बिरंगे जर्सी में 30 राज्य के खिलाड़ियों ने कोच सहित मार्च पास्ट किया। विधायक सिन्हा ने शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए खिलाड़यिों को खेल भावना से खेलने शपथ दिलाई। यहां शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं प्रतियोगिता से संबंधित अधिकारी एवं खेल प्रेमी जनता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

कार्यक्रम का समापन 29 नवंबर को मिनी स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ झारखंड और नवोदय विद्यालय संगठन के मध्य हुआ। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और परिचय लेते हुए हौसला अफजाई की। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित



होकर अत्यंत गर्व और खुशी महसूस कर रहा हूं। यह प्रतियोगिता न केवल हमारी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन है, बल्कि यह हमारे मानसिक और नैतिक विकास का भी प्रतीक है। खेल जीवन में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने में सहायक होते हैं। जिला हैंडबॉल एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त बोनस अंक दिए जाते हैं। खेल का जीवन में महत्व को नकारा नहीं जा सकता। खेल के माध्यम से भी आप नए ऊंचाईयों को प्राप्त कर सकते हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 5 दिवसीय राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की समुचित प्रबंध किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ज्यूरी मैंबर प्रतिदिन सायंकाल आयोजन की समीक्षा करेगी। विदित है कि प्रतियोगिता में 30 राज्यों से कुल 796 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में हैंडबॉल खेल शामिल किए गए है। जिसमे 14 वर्ष के 404 बालक एवं 392 बालिका भाग लेंगे। साथ ही 30 राज्यों से 127 कोच व मैनेजर तथा जिले के 125 अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे।

### यह भी रहे मौजूद

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल, पार्षदगण महेंद्र जैन, मीना वर्मा, महेंद्र सिक्का, मनीष शर्मा, कौशिल्या बंसल, प्रकाश शर्मा, रमेश साहू, मुन्ना साहू, बंटी शर्मा, दिनेश रूपरेला, अरविन्द प्रहरे, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, खेल से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी जन मौजूद रहे।


### गांजा तस्करी, दो बंदी

**महासमुंद।** गांजा की तस्करी कर रहे यूपी के दो लोगों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साढ़े चार लाख कीमत का 30 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि कार के जरिए गांजा का अवैध रूप से परिवहन किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद एक सफेद कलर स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक यूपी 92 एएल 6791 वहां पहुंची, जिसमे दो लोग सवार थे, जो पुलिस को देखकर अपने गाड़ी को तेज गति से चलाने लगे, जिन्हें पुलिस स्टाफ द्वारा पकड़ा गया। भागने का कारण पूछने पर गाड़ी में गांजा होना बताया। कार की तलाशी दौरान डिक्की में 05-05 किलोग्राम के 06 पैकेट कुल 30 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद किया गया। इन आरोपियों ने पूछताछ में उक्त गांजा को बलांगीर ओडिशा से जालौन उत्तरप्रदेश ले जाना बताया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी नीरज कुमार मिश्रा (34) निवासी म.नं. 771 खकसिस थाना रेढर जिला जालौन (उ.प्र.), अंशुल कुमार अहिरवार (21) रहसिया थाना सिटी ओरई जिला जालौन (उ.प्र.) को धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया।

# सूने मकान से 7 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के तेंदूकोना में चोरी की पड़ी घटना हुई है। यहां के एक सूने मकान से चोरों ने करीब 7 लाख की चोरी कर ली। ऐसा माना जा रहा है कि चोरों को पता था पूरा परिवार हर रविवार को अपने गृह ग्राम फुटुगुना जाता है। यह भी चोरों को पता था कि सामने के मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसलिए काफी एहतियात बरतते हुए 7 लाख रुपए के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ करने तेंदूकोना के सांईनगर स्थित 3 मकानों को निशाना बनाया। चोरी में 5 लोगों के शामिल होने की बात सामने



आई है। घटनास्थल के पास के सीसीटीवी कैमरे में 5 अज्ञात नकाबपोश घर के बाहर साफ नजर आ रहे हैं। तेंदूकोना सांईनगर निवासी दीनानाथ सेन ने बताया कि वह हर सप्ताह रविवार को हर बार की तरह अपने परिवार को लेकर गृह ग्राम फुटुगुना गया था। सोमवार को लौटने पर घर के ताले टूटे मिले। जिसके बाद उसने तेंदूकोना थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं सांई नगर में नेहरू लाल दीवान और एक नर्स महिला को घर को भी चोरों ने निशाना बनाया है। हालांकि अन्य दोनों द्वारा इसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई। विगत दिनों तेंदूकोना नगर में ही थाना के समीप के घर से बाइक चोरी और एक मकान में अज्ञात लोगों द्वारा सोने की चोरी हुई थी, जिसका अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। चोरी की घटना के बाद जिले की साइबर सेल सुबह से डॉग स्क्वॉड के साथ जांच पड़ताल कर रही है। नगर के सभी सीसीटीवी कैमरे को चेक कर चोर की पतासाजी में जुटी है। मामले की जांच कोमाखान से नितेश सिंह ठाकुर को सौंपी गई है।

### वाहन में लगी आग, सभी सुरक्षित



**महासमुंद।** छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने राजनांदगांव से बागबाहरा पहुंचे तूफान वाहन में सवार 10 लोग उस समय बाल-बाल बच गए जब बागबाहरा से लौटने के दौरान उनकी वाहन में अचानक आग लग गई। आग बुझा पाते इससे पहले ही आग फैल गई और लोगों ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। वाहन चालक की माने तो रविवार रात 11 बजे राजनांदगांव से बागबाहरा में छट्ठी कार्यक्रम से लौटने के दौरान योग भवन के सामने तूफान फोर्स गाड़ी क्रमांक सीजी 08 एजेड 5362 में अचानक आग लग गई। यह गाड़ी छह महीने पहले ही खरीदी गई थी। ड्राइवर हेम सिंह मरकाम ने बताया कि घर लौटते वक्त गाड़ी के बोनट से धुआं निकलने लगा। आग इतनी तेजी से फैली कि बोनट खोलकर देखने का मौका भी नहीं मिला। लगभग 10-20 मिनट के भीतर गाड़ी पूरी 10 लोग सवार थे, लेकिन सौभाग्य से कोई भी घायल नहीं हुआ। है। सभी यात्री समय रहते गाड़ी से बाहर निकलने में सफल रहे। ड्राइवर, और अन्य यात्रियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

### शराब पीने की सुविधा देने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जगजीवन महानंद अपने चखना दुकान में आम लोगों को शराब पीने पिलाने का संसाधन उपलब्ध करा रहा है। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर शराब पी रहे लोग भाग निकले, वहीं आरोपी जगजीवन महानंद पिता स्व केवल महानंद (50 वर्ष) वार्ड नं 11 बाजार पारा बागबाहरा ने लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की बात स्वीकार किया। वहीं एक अन्य आरोपी बल्लू सोनवानी अपने चखना सेंटर में और प्रिंस सलूजा पिता पिता हरभजन सिंह सलूजा (36 वर्ष) वार्ड नं 08 पेट्रोल पंप के पास बागबाहरा भी अपने चखना दुकान में आम लोगों को शराब पीने पिलाने की संसाधन उपलब्ध करा रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

### राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में महासमुंद प्रथम

**महासमुंद।** दुर्ग में 360 अकादमी ने राज्य शतरंज प्रतियोगिता यू-15 का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के दीपांशु पटले ने प्रतियोगिता में 7/6 पाइंट बनाकर यू-13 बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपांशु पीएम केंद्रीय विद्यालय के छात्र है। दीपांशु ने अपने जन्म दिवस पर यह उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में दीपांशु की 1578 इंटरनेशनल रेटिंग है। इनके बड़े भाई प्रियांशु पटले भी शतरंज के खिलाड़ी हैं, इनकी इंटरनेशनल रेटिंग 1502 है। इनके पिता संदीप पटले शतरंज के नेशनल निर्णायक व शतरंज के कोच है। महासमुंद में शतरंज खेल को आगे बढ़ाने के लिए एकमात्र संस्थान ब्रिलिएंट चेस एकेडमी के संचालक है। दीपांशु के छत्तीसगढ़ में यू-13 में प्रथम स्थान प्राप्त करने व महासमुंद जिले को गौरवान्वित करने के लिए महासमुंद जिले के खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज घृतलहरे , प्रदेश शतरंज संघ महासचिव विनोद राठी, शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुंटे व केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य संजय बंसल एवं समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।




## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9981131365, 9098324969**



# दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलियों पर भारी पड़ा नोटा, 17 प्रत्याशियों को 100 से कम वोट

## 28 की जमानत जब्त, निर्दलीय प्रत्याशियों से अधिक नोटा को मिले 1147 वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप


रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में 17 प्रत्याशियों को 100 से भी कम वोट मिले। कुल 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच प्रमुख मुकाबला रहा। शेष प्रत्याशियों में अधिकांश निर्दलीय थे, जिन्हें एक-एक वोट के लिए मशक्कत करनी पड़ी। निर्दलियों में सबसे अधिक 881 वोट अंकुश बेरिएकर को मिले। वहीं नोटा को इन सबसे ज्यादा 1147 वोट मिले। चुनाव में सभी निर्दलियों को मिलाकर कुल 2.36 प्रतिशत मत मिले। वहीं अकेले नोटा को 0.81 प्रतिशत मत मिले।

दक्षिण के उपचुनाव में अधिकांश मुस्लिम प्रत्याशी खड़े हुए थे, इनमें से सभी को 200 से कम वोट मिले। चुनाव के दौरान अधिकांश प्रत्याशियों का प्रचार पूरे शहर में कहीं नहीं दिखा। आपसी संबंधों के आधार पर उन्होंने वोट बटोरे। एक प्रत्याशी को छोड़कर किसी को 500 से अधिक मत नहीं मिले। चार सौ से कम मत पाने वाले प्रत्याशियों के केवल दो हैं, इनमें जीतेंद्र शर्मा और चंद्रप्रकाश कुर्रे शामिल हैं। दो सौ से अधिक मत पाने वालों में अखिलेश ब्रम्हदेव शामिल हैं, उनहें 229 वोट मिले। 200 से कम और 100 तक वोट पाने वाले पांच प्रत्याशी हैं। उसके बाद कोई भी प्रत्याशी 100 का आंकड़ा नहीं छू पाया। सबसे कम 25 वोट रिजवान को मिले। इनमें से अधिकांश प्रत्याशी वोट काटने के लिए खड़े थे। आम लोगों के बीच उनके नाम का प्रचार न होने से जान-पहचान वालों के वोट उनके खाते में आए। दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने कुल 3528 वोट बटोरे।

### भाजपा-कांग्रेस को छोड़ शेष जमानत नहीं बचा पाए

उपचुनाव में 30 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई। इनमें से दो को छोड़कर शेष प्रत्याशी जमानत के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत वोट भी नहीं पा सके। उनकी जमानत जब्त हो गई। अब उन्हें जमानत राशि वापस नहीं मिलेगी। चुनाव के दौरान खर्च का ब्योरा उन्हें देना होगा। चुनाव परिणाम आने के एक माह के अंदर सभी को अपने चुनाव व्यय की पूरी जानकारी निर्वाचन आयोग को देनी होगी। खर्च का ब्योरा न देने पर उन्हें आगे चुनाव के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।




## खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम से मिलने अस्पताल पहुंचे भूपेश

**रायपुर।** सड़क हादसे में जख्मी हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम का इलाज रामकृष्ण अस्पताल में चल रहा है। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनका कुशलक्षेम पूछने अस्पताल पहुंचे। उनके अलावा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप सहित अनेक नेताओं ने उनसे मुलाकात की। श्री नेताम की कार को शुक्रवार रात बेमेतरा इलाके में पिकअप ने ठोकर मार दी थी। हादसे में उनके अलावा पीएसओ, ड्राइवर तथा एक अन्य को चोटें आई थीं।

### निजात अभियान में शामिल हुए कॉलोनीवासी



**रायपुर।** 75वीं संविधान दिवस के पूर्व संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी लभांडी में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही कॉलोनीवासी पुलिस के निजात अभियान में शामिल हुए। इस दौरान विधि विशेषज्ञ, पुलिसकर्मी, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और समाजसेवियों ने उपास्थित होकर सामाजिक संदेश देकर कॉलोनीवासियों को जागरूक किया। इस मौके पर नशामुक्ति महाभियान के संयोजक, अधिवक्ता भगवानू नायक, नगर निगम अधिकारी अमित बोस ने कॉलोनीवासियों को जानकारी दी।

### मारवाड़ी समाज के परिचय सम्मेलन के लिए बैठक

**रायपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा मारवाड़ी समाज का सामूहिक परिचय सम्मेलन राजधानी रायपुर में आयोजित करने एक बैठक होटल में रखी गई। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि सभी समाज के युवक-युवती के विवाह में आ रही दिक्कत को देखते हुए जैन, अग्रवाल, माहेश्वरी, गुप्ता, खंडेलवाल समाज का एक प्रदेश स्तरीय सामूहिक परिचय सम्मेलन शीघ्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि परिचय सम्मेलन में अविवाहित युवक-युवती के अलावा विधवा, विधुर, तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। अनिता खंडेलवाल ने बताया कि कुंडली मिलन के लिए लैपटॉप एवं पंडितों की व्यवस्था भी की जाएगी।

### खुशबू को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने खुशबू अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय इन्हांसमेंट ऑफ कन्वेंशनल डाटा माईनिंग अल्गोरिदम फॉर क्लासिफिकेशन एंड प्रिडक्शन ऑफ लार्ज स्केल एकाडेमिक डाटा इन कंटेक्स्ट ऑफ यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंर्फामेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. भावना नराइन की मार्गदर्शन में पूरा किया। वे यूनियन बैंक के पूर्व अधिकारी धर्मेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुलेखा अग्रवाल की बहू तथा बिलासपुर निवासी सरला, स्व. बालमुकुंद की पुत्री हैं।

## दूसरी ट्रेनों पर बढ़ा दबाव, इसलिए हर दिन विवाद की स्थिति

# ट्रेनें रद्द होने से भीड़ बढ़ी तो जगह के लिए रोजाना विवाद, थोक में शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि सरोकार


ट्रेनों के लगातार रद्द होने की वजह से समान रूट पर चलने वाली दूसरी ट्रेनों पर दबाव बढ़ रहा है। इस वजह से यात्री दूसरी ट्रेनों में रिजर्व सीटों पर भी कब्जा जमाने से नहीं हिचक रहे हैं। इस वजह से हर दिन ट्रेनों में विवाद की स्थिति बन रही है। जनरल से लेकर स्लीपर कोच तक लगातार सीटों को लेकर झगड़े हो रहे हैं। ऐसे में सीटों का विवाद सुलझाने टीटीई और आरपीएफ जवानों को सामने आना पड़ रहा है। आरपीएफ और टीटीई को हर दिन 20 से अधिक शिकायतें मिल रही हैं, जिसे सुलझाने वे यात्रियों को उनकी सीटें दिला रहे हैं। साथ ही बगैर टिकट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई भी कर रहे हैं।

दरअसल पटरियों के काम के चलते 30 ट्रेनों के प्रभावित होने के बाद रविवार को गोंदिया, नांदेड़, विशाखापट्टनम सहित नागपुर रूट की ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अचानक ट्रेनों के रद्द होने की वजह से यात्रियों को तत्काल में भी टिकट नहीं मिल रहा। इस वजह से ज्यादातर यात्री एक्सप्रेस का टिकट लेकर ट्रेनों में सफर कर रहे और रिजर्व सीटों पर कब्जा जमा रहे हैं। यह एक दिन की स्थिति नहीं, बल्कि हर बार ट्रेनों के रद्द होने से इसी तरह के विवाद सामने आते हैं। ट्रेनों के रद्द होने से लगातार आरपीएफ को यात्रियों से सीट कब्जाने की शिकायतें मिल रही हैं। वेटिंग टिकट के यात्री दिन में खड़े होने या फिर दूसरे यात्री की सीट शेयरिंग से समय गुजार लेते हैं, लेकिन रात में यात्रियों को सीट के नीचे बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है। रात के वक्त अपनी जगह से बाथरूम जाने या ट्रेन से नीचे उतरने में भी यात्रियों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।



### स्लीपर में भी रात का सफर मुश्किल

रात के वक्त स्लीपर कोच की दशा भी जनरल कोच जैसी होने लगी है। वेटिंग यात्री सीट के नीचे बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। वहीं जनरल कोच में आरक्षण की बंदिशें हटने के बाद रात के वक्त कोच के भीतर प्रवेश करना तक मुश्किल हो गया है। भारी भीड़ देख यात्री भी स्लीपर में चढ़ने लगे हैं। कोच में अन्य यात्री न आएं, इस वजह से जनरल कोच का दरवाजा यात्री रात में बंद कर देते हैं। इस वजह से मजबूरी में यात्रियों को स्लीपर कोच में चढ़ना पड़ता है। कई यात्रियों ने ट्रेनों में भारी भीड़ की तस्वीर ट्विटर पर अपलोड कर मदद की गुहार लगाई है।



### हर दिन 20 से अधिक शिकायतें

ट्रेनों के रद्द होने के बाद दूसरी ट्रेनों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। ट्रेनों में तैनात आरपीएफ जवानों को हर दिन यात्रियों के ओर से सीट पर कब्जे की शिकायतें मिल रही हैं। आरपीएफ जवान ट्रेनों में यात्रियों को उनकी सीट दिलाने में मदद कर रहे हैं। वहीं बिना टिकट यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई भी जा रही है। एमपी, विशाखापट्टनम समेत दिल्ली रूट की ट्रेनों में आरपीएफ और टीटीई को दिन में अधिक शिकायतें मिली हैं। वहीं दिन की तुलना रात में अधिक समस्या होती हैं। कई यात्री पहले से दूसरे यात्री की सीट पर कब्जा कर लिए होते हैं। आरक्षित यात्री के पहुंचने पर उन्हें पूरी सीट नहीं मिल पाती, इस वजह से कंफर्म टिकट के यात्रियों को सोने में दिक्कत होती है। शिकायत पर तत्काल टिकट जांच कर मदद की जाती है।

# बढ़ते अपराध पर नकेल कसने से चाकूबाजी में 40 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर




- पिछले वर्ष की तुलना में 171 के बजाय 102 चाकूबाजी की घटनाएं
- छेड़छाड़, रेप की घटनाओं में कमी के साथ हत्या की वारदातें बढ़ीं

पुलिस ने पिछले वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच घटित आपराधिक घटनाओं की तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार की है। पुलिस द्वारा तैयार रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच घटित आपराधिक घटनाओं में तीन प्रतिशत की आंशिक कमी आई है। चाकूबाजी की घटनाओं में 40 प्रतिशत कमी हुई है। हत्या की वारदातों में इस वर्ष वृद्धि दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में फरवरी से अक्टूबर के बीच 8224 अपराध दर्ज किए गए थे। इस वर्ष इसी अवधि में 7970 अपराध दर्ज किए गए हैं। पिछले वर्ष जहां अलग-अलग थानों में 171 चाकूबाजी की घटनाएं हुई थीं। इस बार 102 चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं।


*ये है स्थिति : रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच 58 हत्या की वारदातें हुई हैं। पिछले वर्ष 54 हत्याएं दर्ज की गई थीं। इसी तरह से छेड़छाड़, यौन हिंसा के मामले में चाकूबाजी के बाद सबसे ज्यादा कमी आई है। पिछले वर्ष 164 छेड़छाड़ तथा यौन हिंसा के मामले दर्ज किए गए थे। इस वर्ष 118 मामले दर्ज किए गए हैं। इस तरह से यौन हिंसा से जुड़े मामले में 28 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस के अनुसार मारपीट, चोरी के मामले में 9 तथा 3 प्रतिशत की कमी आई है। निजात अभियान के तहत मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री रोकने चलाई जा रही मुहिम के चलते अपराधों में कमी आई है।*

### किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार से की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर विष्णुदेव सरकार को प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में बताया कि प्रदेश में धान खरीदी पर संकट के बादल गहराने लगे हैं, जिसके कारण प्रदेश की सभी राइस मिल किसान मोर्चा को दी जाएं, वे लीज पर 66 रुपए में मिलिंग करेंगे। राइस मिलरों द्वारा धान नहीं उठाया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी दिक्कत हो रही है। साथ ही राइस मिलरों पर एस्पा कानून लागू किया जाना चाहिए। धान खरीदी की तौल में कमी आ रही है और नापतौल विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मशीनों में सील नहीं लगाई गई है, जिससे किसानों को धान बेचने में नुकसान हो रहा है। सरकार सारी व्यवस्था जल्द से जल्द करे। इसके अलावा किसानों की कई समस्याएं हैं।

# रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर




- फुंडहर और लभांडी पानी टंकी के इंटर कनेक्शन के लिए फंड संबंधी प्रस्ताव
- आईटीएमएस के मेंटेनेंस को लेकर हो सकती है चर्चा

रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक स्मार्ट सिटी के सभाकक्ष में जल्द आयोजित होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से राजधानी के आउटर वार्ड में अमृत मिशन के तहत बनाए गए गांव फुंडहर और लभांडी की नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए नगर निगम को फंड उपलब्ध कराने क प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह जयस्तंभ चौक स्थित नगर निगम के मल्टीलेवल पार्किंग परिसर के टॉप फ्लोर में संचालित आईटीएमएस के हैंडओवर और मेंटेनेंस संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है।

दरअसल नगर निगम द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी को पत्र लिखकर अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने फंड मांगा गया है। जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 नई पानी टंकी बनकर तैयार हैं, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए निगम के पास फंड नहीं है। डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पहले पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद भी इसकी मंजूरी नहीं मिली।

### बोरवेल्स और कुंए के भरोसे ग्रामवासी

दोनों गांवों के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जबकि अमृत मिशन के तहत करोड़ों खर्च कर बनाई गई नई पानी टंकी मात्र शोपीस बनकर रह गई है। डेढ़ साल से अटके काम को पूरा कराने नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को पत्र भेजा गया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में रखे जाने की तैयारी है।

# 21 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक बोरियाखुर्द के खेल मैदान में 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं निशुल्क संस्कार महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए भूमिपूजन व ध्वजपूजन रविवार को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप पाणिग्रही, श्याम बैस, सदाशिव हथमल, लच्छूराम निषाद, कार्यक्रम संयोजक मोहनलाल साहू, आयोजक ऋषि साहू के साथ विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य ने बताया कि भूमि का अच्छे-बुरे संस्कार मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं। यज्ञ में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णछेदन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह, जन्मदिवस, विवाह दिवस इत्यादि विविध संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे। इसी दौरान रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र से मनुष्य में सद्बुद्धि का विकास और यज्ञ से वातावरण का परिशोधन व मानव मात्र का कल्याण होता है।

# ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग, दो दबोचे गए, गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान से बचने शरारती वाहन चालकों द्वारा नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर, गलत नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइंस पुलिस ने नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर वाहन चलाने के आरोप में दो दोपहिया वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने बीएनएस 318(4), 319(2), 338, 336 (3), 340(2) 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक, अरुण अवस्थी, दीपक देवांगन की शिकायत पर ताजनगर निवासी मोहम्मद अहमद तथा राजा तालाब निवासी भावेश सावरकर को गिरफ्तार किया गया है। अरुण तथा दीपक ने पुलिस और ट्रैफिक थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके वाहन का पिछले कई महीनों से लगातार ई-चालान आ रहा है। ई-चालान उन जगहों से है, जहां उनकी दोपहिया संबंधित तारीख को उस क्षेत्र से गुजरी ही नहीं है।

### आईटीएमएस के माध्यम से हुआ खुलासा

पुलिस के मुताबिक, शिकायत के आधार पर आईटीएमएस के माध्यम से वाहन मॉडल तथा वाहन नंबर की तसदीक की गई। नंबर तसदीक करने पर संबंधित वाहन अरुण तथा दीपक का नहीं होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों के बारे में जानकारी जुटाकर नंबर टेंपरिंग कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को गिरफ्तार किया।



- शरारती वाहन चालकों ने निकाला बचने का रास्ता
- ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के लगातार आ रहे थे ई-चालान
- असल वाहन नंबर के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

*10 साल से ज्यादा सजा का प्रावधान*

*नंबर प्लेट टेंपरिंग कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। दर्ज धाराओं में आरोप सिद्ध होने पर 10 साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग करने से बचने की सलाह दी है।*

### 53 हजार का चालान आने पर की शिकायत

पुलिस के अनुसार मोहम्मद ताज नंबर टेंपरिंग कर वाहन नंबर सीजी 04 पीसी 3569 चला रहा था। उस नंबर के कुल नौ ई-चालान जनरेट हुए थे। नौ ई-चालान में 39 हजार रुपए जुर्माना किया गया था। इसी तरह से भावेश टेंपरिंग कर सीजी 04 पीटी 5289 नंबर से वाहन चला रहा था, उस नंबर से कुल चार ई-चालान जनरेट हुए और 14 हजार रुपए चालान कटा है।

## आचार संहिता खत्म

# अब मठपुरैना के 406 ईडब्लूएस फ्लैट के लिए लॉटरी जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

- कचना, दलदल सिवनी, सोनडोंगरी में भी किरायेदारों के लिए किफायती आवास

भाठागांव क्षेत्र स्थित मठपुरैना में निर्मित 406 ईडब्ल्यूएस फ्लैट के आवंटन के लिए लॉटरी जल्द निकाली जाएगी। दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की आदर्श आचार संहिता के चलते किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना में मठपुरैना के ईडब्ल्यूएस फ्लैट की लएॅटरी अटक गई थी। चुनाव के बाद गांधी सदन में इसके लिए लॉटरी निकालकर पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित किए जाएंगे। मठपुरैना के बीएसयूपी एचपीएल साइट में 406 बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट के लिए करीब 4 गुना ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। मोर मकान मोर स्कीम के तहत रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले किरायेदारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने नगर निगम ने शहर के 4 अलग-अलग लोकेशन में रिक्त ईडब्ल्यूएस आवास के लिए आवेदन मंगाए। इनमें मठपुरैना, कचना, सोनडोंगरी और दलदल सिवनी साइट शामिल हैं। इन स्थानों पर निर्मित फ्लैट के लिए निर्धारित संख्या से ज्यादा आवेदनपत्र प्राप्त हुए हैं। आवेदन पत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच कर स्क्रूटनी की जा रही है।

मठपुरैना के बाद कचना साइट में 371 ईडब्ल्यूएस आवासों के लिए 2500 आवेदकों ने ऑनलाइन फार्म भरे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कचना साइट के आसपास बड़े बिल्डरों की रेसीडेंसियल कॉलोनी विकसित होने के चलते गरीब व मध्यम वर्ग परिवार के हितग्राहियों ने इस साइट पर रिक्त ईडब्ल्यूएस आवासों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन किए हैं। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 10 दिन बाद कचना साइट पर रिक्त 371 ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए लॉटरी निकाली जाएगी।

# पार्किंग ठेका की कमाई से ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली सफाई की सुविधा देने प्लानिंग के बाद फाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रावांभाठा में बसाए गए ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्था बहाली के लिए जुलाई 2023 में की गई प्लानिंग की अधिकारी बदलते ही हवा निकल गई। यहां स्ट्रीट लाइट, पानी के साथ ही सफाई की बेहतरी के लिए निगम के पास कर्मचारी भी नहीं हैं। इसे देखते हुए बिरगांव निगम के पूर्व आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने ट्रांसपोर्ट नगर के 6 बड़े और दो छोटे पार्किंग में वाहनों की पार्किंग से होने वाली कमाई से वहां सुविधा बढ़ाने के लिए तैयारी की थी। उनका ट्रांसफर होते ही मसौदे की फाइल ही बंद कर दी गई है। रायपुर निगम ने जिस तरह से बस स्टैंड में पार्किंग के लिए शुल्क तय किया है। उसी तर्ज पर बिरगांव की सामान्य सभा में भी वार्ड 13 में स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों की पार्किंग के लिए दरें तय की गई। इस संबंध में पक्ष- विपक्ष की सर्व सहमति से 30 जुलाई 2023 को निगम की सामान्य सभा में सहमति भी मिली। इसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों की आपत्ति और विरोध को देखते हुए इस मामले में दोबारा विचार करने के लिए संयुक्त रूप से मीटिंग का दावा किया गया। इसके बाद चुनावी तैयारी के चलते मामले की फाइल दब गई।अब आयुक्त बदलने के बाद निगम के प्रतिनिधियों ने खुद आगे आने और मामले में निर्णय लेने की बजाय इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### बिरगांव निगम आयुक्त बदलते ही तालमेल बनाने मीटिंग भी नहीं हुई इसलिए..

#### तीन महीने निगम चलाता पार्किंग

निगम की सीमित आय और ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई के साथ ही मूलभूत सुविधा को मेंटेन करने के लिए वाहनों की पार्किंग दर निर्धारित की गई। इसमें प्रावधान किया गया कि निगम द्वारा तीन माह तक स्वयं वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूल की जाएगी। इसके बाद ही निगम प्रशासन द्वारा टेंडर के तहत ठेका दिया जाएगा। यह प्रक्रिया आगे बढ़ने से पहले ही विरोध और आपत्ति के चलते ठंडे बस्ते में है। इससे ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई और सुरक्षा का बुराहाल है। इसके लिए प्रयास करने की बजाय जिम्मेदार प्लानिंग को ही भूल गए हैं।

#### 24 घंटे के लिए तय पार्किंग दरें

01. टेक्टर, मेटाडोर रु. 150
02. बैकहोलोडर, पैलोडर- रू. 200
03. ट्रक (06 चक्का) रू. 200
04. ट्रक (10 से 12 चक्का) रू. 250
05. ट्रक- 12 से 20 चक्का ट्राला, रू. 300

#### मामले जल्द चर्चा की जाएगी

पूर्व आयुक्त की मंशा के तहत ही ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग को लेकर प्लानिंग की गई थी। उसे सामान्य सभा में मंजूरी मिली, लेकिन विरोध की वजह से निर्णय नहीं ले पाए हैं। जल्द ही इस मामले में चर्चा की जाएगी।

**-नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

**खबर संक्षेप**

## भाषण प्रतियोगिता में छात्रा स्वाति रही प्रथम



सरायपाली। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में अध्ययनरत आठवीं की छात्रा स्वाति यादव ने राजमाता अहिल्या देवी होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्यादेवी होल्कर: व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित मिडिल स्कूल स्तर की भाषण प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि आठवीं की छात्रा स्वाति यादव पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा 26 नवंबर को सिहावा अकादमिक भवन सभागृह बिलासपुर में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र रायपुर की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुई है, जो विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। ज्ञात हो कि इस विद्यालय की छात्रा आस्था साहू (11वीं) ने भी रायपुर क्षेत्रीय स्तर पर कक्षा 9वीं से 12वीं स्तर पर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

### सुविधा: सांसद ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुनगासेर का किया शुभारंभ

# किसानों के लिए ग्रामीण इलाके में खुली बैंक की नई शाखा, परेशानी होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम मुनगासेर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की 72वीं शाखा मुनगासेर का रविवार को सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा एवं विशेष अतिथियों ने फीता काटकर एवं तिजोरी का पूजन कर शुभारंभ किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर, बैंक की सीईओ अपेक्षा व्यास, जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण मौजूद रहे।

बैंक के शुभारंभ अवसर पर सांसद एवं मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि अब क्षेत्र के किसानों को अपनी बैंक संबंधी काम व धान का भुगतान प्राप्त करने कोमाखान जाना नहीं पड़ेगा। आप लोगों की परेशानियों को देखते हुए राज्य शासन ने यहां बैंक की शाखा प्रारंभ की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार गांव के विकास के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि आज यहां शाखा का शुभारंभ हुआ है। इसी माह में सिरपुर एवं गढ़फुलझर में भी खुलेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन किसानों के अलावा युवाओं, महिलाओं के विकास के लिए भी संकल्पित है। सांसद चौधरी ने बताया कि सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के तेलंगाना प्रवास के कारण यहां शामिल नहीं हो पाए। लेकिन, उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने भवन के सामने शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की है।

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की समस्या को समझते हुए यहां बैंक शाखा प्रारंभ की है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में सारे वायदे पूरे हो रहे है। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ प्रदेश विकसित राज्य की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अल्का चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। बैंक सीईओ अपेक्षा व्यास ने बताया कि इस ब्रांच में पांच समितियां, 12 ग्राम पंचायतें एवं 45 ग्राम शामिल है, जिनका 700 बचत खाता संचालित है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ब्रांच से किसानों को ही नहीं बल्कि आम नागरिकों को भी बैंकिंग सुविधा मुहैया होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, नरेश चंद्राकर, हितेश चंद्राकर उपस्थित रहे।

## रामलला दर्शन के लिए जिले से 158 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में प्रभु राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व और जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन से संचालित यह योजना श्रद्धालुओं को प्रभु राम के दर्शन का अनुपम अवसर प्रदान कर रही है।

महासमुंद जिले से सातवें चरण में 158 श्रद्धालुओं का जत्था 25 से 28 नवंबर तक अयोध्याधाम के दर्शन के लिए आज रवाना हुआ। जनपद पंचायत महासमुंद से बस को हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रायपुर के लिए रवाना किया। वहां से यह जत्था ट्रेन द्वारा अयोध्या पहुंचेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, चाय-नाश्ता, और ठहरने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

जिला प्रशासन की कुशल व्यवस्थाओं के कारण अब तक महासमुंद जिले से 1106 श्रद्धालु इस यात्रा का लाभ उठा चुके हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक के मार्गदर्शन में यह यात्रा सभी वर्गों के लिए सुविधाजनक बनी हुई है। यह योजना प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी उदाहरण बन रही है। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए योजना की सराहना की है। अयोध्या यात्रा को लेकर सभी में उत्साह का माहौल है, और यह योजना लोगों के दिलों में भगवान राम के प्रति आस्था को और मजबूत कर रही है।

# हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के तहत विशेष अभियान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय संविधान को आत्मसात किए 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार ने 26 नवंबर 2024 से संविधान दिवस के स्मरणोत्सव की घोषणा की है। यह वर्षभर चलने वाला आयोजन हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के तहत देशभर में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को संविधान की महत्ता से अवगत कराना और उसकी मूल भावना का सम्मान करना है।

संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को पूरे देश सहित जिले की पंचायतों और अमृत सरोवर स्थलों पर सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। इस आयोजन से संबंधित जानकारी और छायाचित्रों को कांस्टीट्यूशन75.कॉम वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। विशेष संविधान स्वाभिमान यात्रा 14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जाएगी। जिसमे यात्राएं विशेष रूप से अनुसूचित जाति और जनजाति बहुल गांवों में आयोजित की जाएगी। यात्राओं के दौरान बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम के तहत वर्षभर चलने वाली गतिविधियों में ग्राम पंचायतों में संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों पर चर्चा की जाएगी। संविधान सभा के सदस्यों से जुड़े गांवों में विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे। स्कूलों और कॉलेजों में संविधान पर प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, और सेमिनार आयोजित होंगे। स्कूलों और पंचायतों में संविधान की प्रस्तावना की दीवार पेंटिंग कराई जाएगी। मायजीओवी, मायभारत.जीओवी.इन पर बच्चों और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को अभियान की ब्रांडिंग के लिए स्वीकृत लोगो के इस्तेमाल के निर्देश दिए हैं। साथ ही, अभियान के सभी कार्यों और गतिविधियों की जानकारी और छायाचित्र संबंधित सरकारी वेबसाइटों पर अपलोड करने के लिए कहा गया है। संविधान दिवस के स्मरणोत्सव के सफल आयोजन और अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। संविधान की 75वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी विभागों, स्कूलों, पंचायतों और नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है।

# व्याख्याताओं के क्षमतावर्धन और उन्मुखीकरण के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुशंसाओं के अनुरूप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याताओं का क्षमता विकास एवं उन्मुखिकरण के उद्देश्य से भौतिकी विषय के व्याख्याताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद द्वारा प्राचार्य मीना पाणिग्रही के मार्गदर्शन एवं अरुण प्रधान सहायक प्राध्यापक व नोडल अधिकारी सेवाकालीन प्रशिक्षण डाइट के दिशा निर्देश में किया जा रहा है।

उक्त भौतिकी विषय के व्याख्याताओं के प्रशिक्षण प्रभारी ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि 20 नवंबर से 23 नवंबर तक ऑनलाइन प्रशिक्षण के पश्चात 25 नवंबर से तीन दिवस का भौतिकी के व्याख्याताओं का ऑफलाइन सेवाकालीन प्रशिक्षण डाइट महासमुंद में आयोजित हो रहा है। उदघाटन सत्र में मीना पाणिग्रही प्राचार्य डाइट ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य कार्यालय के निर्देश पर यह प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण व्याख्याताओं के क्षमता वर्धन और उन्मुखीकरण के साथ साथ विषयवस्तु में हुए परिवर्तन पर समझ बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा तकनीक आधारित शैक्षिक गतिविधियों के क्रियान्वयन में सक्षम बनाना उद्देश्य है। पश्चात अरुण प्रधान सहायक प्राध्यापक ने बताया कि हमारे मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किए जाने वाले विषयवस्तु को गंभीरता से समझ बनाकर बच्चों तक पहुंचाना है। साथ ही नई शिक्षा नीति में शिक्षक प्रशिक्षण कि अनिवार्यता का उल्लेख है, उनका भी पालन किया जा रहा है। उद्बोधन पश्चात समस्त व्याख्याता प्रशिक्षार्थियों से परिचय सत्र के माध्यम से परिचय प्राप्त किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मास्टर ट्रेनर्स विवेक वर्मा और मनोज साहू द्वारा भौतिकी के हॉट पॉइंट कक्षा 9 और 11वीं पर चर्चा की गई। पश्चात प्रशिक्षार्थियों को ग्रुप में विभाजित कर समूह वार विषय प्रदान कर प्रस्तुति कराया गया। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से के सिंग सहायक प्राध्यापक, राजेश चंद्राकर वरिष्ठ व्याख्याता, उमादेवी शर्मा वरिष्ठ व्याख्याता, व्याख्याता द्वय संतोष साहू टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, तिलोतमा प्रधान लक्ष्मी सिन्हा, झरना साहू, सुशेन दीवान सहित अकादमिक एवं कार्यालयीन स्टाफ के साथ प्रमुख रूप से समस्त व्याख्याता प्रशिक्षार्थियों का सहयोग रहा।

# कैडेटों ने मनाया एनसीसी दिवस, अनेक कार्यक्रम भी हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



27 सीजी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सौरभ कुमार के निर्देशन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद ने 24 नवंबर को कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट बेलसोंडा परिसर की सफाई, पौधारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एनसीसी का उद्देश्य एवं बच्चों के बीच संवाद का कार्यक्रम रखा।

सर्वप्रथम खरोरा शहीद स्मारक में पूर्व सैनिक प्रदीप चंद्राकर एवं युवराज चंद्राकर द्वारा वीर शहीदों को स्मरण करते हुए कैडेटों ने शहीदों को सलामी दी। इस प्रकार एनसीसी दिवस की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि वे कारगिल युद्ध का एक अहम हिस्सा रह चुके हैं। साथ ही उन्होंने कैडेटों को उनके अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी के साथ कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट परिसर की साफ सफाई एनसीसी के सीनियर डिवीजन एवं जूनियर डिवीजन के कैडेटों द्वारा की गई। तत्पश्चात परिसर में पौधरोपण किया। सीनियर डिवीजन के अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एवं जूनियर डिवीजन के पूर्व सेकंड ऑफिसर चमन लाल चंद्राकर ने कुछ नक्सलवाद से प्रभावित बच्चों से चर्चा करते हुए सभी कैडेटों से कहा की इन बच्चों की चुनौती सामान्य बच्चों से कहीं अधिक हैं, प्रत्येक को अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए पूरी तन्मयता के साथ पढ़ाई करे। चर्चा में नक्सलवाद से प्रभावित बच्चों ने कहा कि वे भी आगे चलकर फौज या पुलिस में अपनी सेवा देकर देश की रक्षा करेंगे। उन लड़कियों के हौसलों की सभी ने प्रशंसा की। सीनियर डिवीजन एवं जूनियर डिवीजन के कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे देश भक्ति नृत्य और बच्चों के लिए प्यारे गीत प्रस्तुत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एवं पूर्व सेकंड ऑफिसर चमन लाल चंद्राकर ने ट्रस्ट के प्राचार्य को धन्यवाद ज्ञापित किया कि उनके द्वारा एनसीसी दिवस पर उन बच्चों से मिलने, स्वच्छता, पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का अवसर प्रदान किया। एनसीसी के कैडेटों ने भी ट्रस्ट की लड़कियों से उनके दिनचर्या, पढ़ाई, सत्रभार होने वाले त्योहारों को मनाने के तरीकों की जानकारी ली। बच्चे बड़ी उत्सुकता के साथ जानकारी साझा कर रहे थे। अंत में ट्रस्ट के सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एसयूओ नमन साहू, जेयूओ तुषिका साहू, हिमांशु नेगी, चंचल सिंह ठाकुर, हिमांशु तिवारी, एक्ससीनियर वेदप्रकाश सोनी, कुमुदनी सिन्हा, सुमन कुमार, चेतन, पूजा साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/1633/तह./वाचक/2024
बागबाहरा दिनांक 18/11/2024
रा.मा.क्र. ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम पचेड़ा पहनं 17 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधरण जनता ग्राम पचेड़ा पहनं 17 रानिमं खम्हरिया तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छग) को सूचित किया जाता है आवेदक ढेलूराम पिता आत्माराम जाति मेहर निवासी ग्राम पचेड़ा तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री रजनी जाति मेहर की जन्म दिनांक 07/06/2006 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो तो पेशी तिथि 04/12/2024 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब सहसीलदार बागबाहरा

# बेलसोंडा में मनाया मितानिन दिवस



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत भवन बेलसोंडा में गांव की मितानिनों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान सरपंच भामिनी चंद्राकर द्वारा सभी पंचों की उपस्थिति में किया गया। सम्मान स्वरुप उन्हें साड़ी, श्रीफल तथा श्रृंगार की समस्त वस्तुएं भेंट की गई। सम्मान पाकर मितानिनों ने बताया कि सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के कार्यकाल में गांव के प्रत्येक लोगों को उनकी सहभागिता एवं जनसहयोग तथा कार्य क़े आधार पर प्रतिवर्ष सम्मान प्राप्त होता आ रहा है। कार्यक्रम में सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के साथ पंच हेमा साहू, मीनू चंद्राकर, ईशा धीवर, सावित्री चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर, सरस्वती साहू, सक्रिय पंच प्रकाश साहू, मितानिन कुंती चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, ललिता निषाद, कुंती धीवर, निर्मला सेन, छल्ला साहू, दमयंतीन चंद्राकर, सुलोचनी यादव, दुर्गेश्वरी देवांगन, कमला यादव, सनत धीवर, राजेंद्र साहू, टीकम चंद्राकर, तेजेश्वर चंद्राकर, तुकेश साहू, दिनेश साहू, शिव यादव, रितेश यादव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बता दें कि इस पंचायत सत्र के पांच सालों में पूरे महासमुंद जिले ग्राम पंचायत बेलसोंडा चर्चा में रहा। जहां शपथ ग्रहण करते ही सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने बड़े-बड़े रसूखदारों की बोलती बंद कर दी तथा उनके अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलवा दिया, यहां तक कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार क़े सबसे प्रभावशील एक व्यक्ति के नुमाइंदों को भी अवैध कब्जा करने से रोक दिया तथा अपने अधिकारों की रक्षा के लिए बिना किसी की चापलूसी किए प्रशासन से भी लड़ी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई के क्षेत्र मे अपने गांव को सबसे आगे कर दिया तथा पूर्व सरपंच की अपेक्षा नल जलकर की राशि आधी करने के बावजूद सबसे ज्यादा कर वसूली कर जमा किया तथा उसी राशि से किसानों क़े खेत तक पहुंचने क़े लिए धरसा रास्ता को मुरमीकरण किया, स्कूलों में लगे हैंडपंप को अपनी सूझबूझ से टू इन वन किया। तालाबों का सौंदर्यीकरण कर बुजुर्गों तथा महिलाओं के लिए झूला लगवा दिया, बेटी विवाह में बेटियों को उपहार स्वरुप राशि 1105 तथा किसी घर में निधन होने पर दुखी परिवार को तत्काल सहायता राशि 2000 रुपए नगद तथा 50 किलो चावल देना तथा बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों, धार्मिक क्षेत्र में कार्य करने वालों को प्रोत्साहन देकर सम्मान देने से लेकर विवेकानंद सेवा संस्थान क़े सदस्यों उदेराम साहू, शत्रुघ्न साहू, गिरधारी धीवर, तेजराम धीवर, यज्ञ देवांगन, जीतराम धीवर, गणेश्वर साहू सबको साथ लेकर पौधरोपण कर संरक्षण संवर्धन करने से लेकर अपने पंच परमेश्वर को साथ लेकर सतत गांव विकास में तत्पर रहना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लेकर मितानिनों तथा स्वास्थ्यकर्ता को समय-समय पर सम्मान देकर प्रोत्साहित करना भी सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने अपनी जिम्मेदारी तथा जवाबदारी समझकर बखूबी निर्वहन किया।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में विधिक शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विकासखंड के बंसुला स्थित शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 25 नवंबर को व्यवहार न्यायालय मजिस्ट्रेट गिरिवर सिंह राजपूत के सानिध्य में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। मजिस्ट्रेट राजपूत ने बालिकाओं को कड़ी मेहनत व मन लगाकर अध्ययन कर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के लिए अमीर-गरीब, ऊंच-नीच, जातिपाति से ऊपर उठकर अनुशासन में रहने प्रेरणा दी। शिक्षा के क्षेत्र में धर्म कोई मायने नहीं रखता है। किसी भी प्रकार की बुरी लत शिक्षा से वंचित कर देती है। इसलिए लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सदैव आगे बढ़े। शिक्षित व्यक्ति को ही दुनियां सलाम करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गीतांजलि नाग, सविता कुमार सिंह, किरण मलिक, संतोषी साव एवं श्यामा साहू एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** आमासिवनी में लक्ष्मीनाथ साहू के सुपुत्र व सत्तू साहू के बड़े भाई स्वर्गीय हरीश साहू की स्मृति में स्कूल में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसे गए। वहीं अब इस न्योता भोज को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने आमजन से भी विशेष अवसरों पर न्योता भोज देने का आग्रह किया है।



### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद का छग झेरिया यादव समाज के प्रधान कार्यालय महादेव घाट रायपुर में सम्मान किया गया। इस अवसर पर जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष, भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजू यादव, संरक्षक जगत राम यादव, प्रदेश सचिव सुंदर लाल यादव, जीआर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद, रामलाल यादव जिला अध्यक्ष रायपुर, हेमकांत यादव जिलाध्यक्ष बेमेतरा, मंगल यादव जिला उपाध्यक्ष दुर्ग सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थिति रहे।



### तुमगांव में सार्वजनिक स्थानों पर बोर खनन कार्य का शुभारंभ

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खीरसागर नायक व सभी जनप्रतिनिधियों के प्रयास से पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने नगर के 10 प्रमुख स्थानों बोर खनन कराया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने फल तोड़कर व पूजा अर्चना बोर खनन कार्य का शुभारंभ किया। पार्षद धर्मेंद्र यादव ने बताया कि वार्ड नं 11 साहू समाज भवन, वार्ड 5 मुक्तिधाम, वार्ड 15 गड़ाघाट शीतला मंदिर व देव साहू के घर के पास तथा वार्ड नं 13 प्राथमिक स्कूल, वार्ड नं 04 तहसील कार्यालय व जिम भवन के पास, वार्ड 12 नवनिर्माण गार्डन तथा वार्ड 13 मांगलिक भवन, सहकारी समिति, मां शीतला मंदिर व गोविंदा तालाब में भी शीघ्र बोर खनन कार्य कराया जाएगा। इस अवसर द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, भुनेश्वर साहू, उदयराम साहू, चैनुराम साहू आदि उपस्थित रहे।

### भानबेड़ा केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत भानबेड़ा के धान खरीदी केंद्र में 25 नवंबर से धान खरीदी का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। अब क्षेत्र के किसान भानबेड़ा में अपना धान लाकर बेच सकेंगे।


## आयोजन : जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत से परिचित हुए विद्यार्थी

# जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास को दुनिया के सामने लाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

25 नवंबर 2024 को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के मुख्य भवन में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे की अध्यक्षता में संयोजक सी खलखो एवं सहसंयोजक डॉ जगदीश सत्यम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनजाति समाज के नायक भगवान बिरसा मुंडा की तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान से हुआ है। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार ध्रुव एवं मुख्य वक्ता समाजसेवी गुलाब ठाकुर का स्वागत मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार ध्रुव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहते हैं कि जनजाति समाज प्रकृति के सर्वोच्च पुजारी है। जनजाति समाज के लोग पूरे संसार के जीव जंतु हवा पानी और धरती की सुरक्षा के लिए हमेंशा तत्पर रहते हैं। आज जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास को दुनिया के सामने लाने की जरूरत है। ताकि, हमारी पीढ़ियां हमारे पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास को जान सके और अपनी सभ्यता संस्कृति पर गर्व कर सके। चंद्रशेखर ध्रुव ने अपने उद्बोधन में स्थानीय जनजाति गौरव के बारे में बताते हुए अरंड एवं लभरा-तमोरा गांव का उल्लेख करते हुए जंगल सत्याग्रह में जनजाति वर्ग के लोगों का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान के बारे में छात्रों को जानकारी दी।

प्राचार्य करुणा दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि अतीत से लेकर वर्तमान तक जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। जनजाति समाज ने अपनी कर्मठता, सहजता, सरलता और सत्य की निष्ठा के लिए विश्व में ख्याति अर्जित की है। जनजाति समुदाय के द्वारा किए गए योगदान को याद करना और उन्हें समाज में उचित सम्मान देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मुख्य वक्ता गुलाब ठाकुर ने विद्यार्थियों को जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास को बताते हुए कहा कि मुगलकालीन एवं अंग्रेज़ शासन के दौरान षड्यंत्र पूर्वक जनजाति समाज के पहचान को धूमिल किया गया। तिलका मांझी, वीर बुधु भगत के शौर्य एवं बुद्धिमत्ता के वर्णन करते हुए छात्रों से अनुरोध किया कि आप इनके बारे में पढ़े, आपको जनजाति समाज पर गर्व होगा। आपको एहसास होगा कि जनजाति समाज का विश्व के आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जनजातियों की ऐतिहासिक संस्कृति हमारे देश को समृद्ध एवं विकासशील बनती है और यह हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने में सहायक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी बढ़-चढ़कर शामिल हुए।



### निबंध प्रतियोगिता में ट्विंकल प्रथम

निबंध प्रतियोगिता में कक्षा एमएससी प्रथम सेमेस्टर ट्विंकल साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं एमए प्रथम सेमेस्टर की डिंपल ने द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में बीएससी अंतिम प्रज्ञा चंद्राकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं इशिका ध्रुव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में लीना साहू प्रथम स्थान अर्जित किया एवं एमएससी तृतीय सेमेस्टर भूमिका दुबे ने द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशमणि साहू एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक प्रो. खलको ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ आरके अग्रवाल, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, डॉ दुर्गावती भारतीय, डॉ ईपी चेलक, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, केशव चंद्र वनपाल, दिलीप बढाई, आशुतोष पुरी गोस्वामी, प्रियंका सोनवानी, मृणाली चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

## लाफिनकला में मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मितानिन दिवस पर ग्राम पंचायत लाफिनकला द्वारा मितानिनों को साड़ी व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत लाफिनकला के सरपंच हेमीन नेतन पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न सेवाओं को जनता तक पहुंचाने में मितानिनों की अहम भूमिका है। जब से मितानिनों की नियुक्ति गांव में हुई है, तब से स्वास्थ्य सेवा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ी है। स्वास्थ्य से जुड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे टीकाकरण, संस्थागत प्रसव आदि में सुधार हुआ है, और इससे मृत्यु दर में कमी आई है। मितानिनों के माध्यम से अब हर घर में स्वास्थ्य विभाग की सेवा पहुंची है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लाफिनकला के सरपंच प्रतिनिधि नेतन पटेल, पंचगण कमलेश कुमार साहू, यादराम साहू, आशिष साहू, रोशनी वैष्णव, नेहा साहू, पूर्णिमा साहू, सचिव माधुरी सूर्यवंशी, मितानिन श्याम बाई साहू, गुलाब बाई साहू, बुंदिया साहू, ऋषि साहू, सोहद्रा साहू, लीला साहू, तिजिया निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अजजा शासकीय सेवक संघ का शपथ ग्रहण हुआ

**महासमुंद।** छग अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ प्रदेश का नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर में हुआ। जिसमें जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांतीय पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। संघ द्वारा तीन सूत्रीय मांग पदोन्नति में आरक्षण, फर्जी जाति प्रमाण पर कार्रवाई, स्थानीय भर्ती में आरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया गया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया गया कि जनजातीय समाज के अधिकारों का हनन नही होने दिया जाएगा। मैं स्वयं जनजातीय समाज से आता हूं, इसलिए मेरी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। हम सब मिलकर समाज उत्थान में कार्य करेंगे और छत्तीसगढ़ को विकास के मार्ग में आगे ले जाएंगे। महासमुंद जिले से प्रदेश में कमलेश ध्रुव पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष, सुरेंद्र भोई प्रदेश सदस्य एवं एसपी ध्रुव को प्रांतीय सह सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया। अब जिलाध्यक्ष का कार्य ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद एमएल ध्रुव को सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष बसना अमृत जगत, ब्लाक अध्यक्ष पिथौरा केके ठाकुर, जिला महासचिव महेश ध्रुव, सचिव भानू प्रताप ठाकुर, सदस्य टुकेश्वर ध्रुव, एफआर कश्यप आदि मौजूद रहे।

# बसना में एनसीसी दिवस पर बालक शाला के कैडेट्स ने किया सायक्लोथॉन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

एनसीसी के 76 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 28 छग बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल हेमंत कुमार झा के मार्गदर्शन एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल प्रवीण कुमार तेवतिया के निर्देशन में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना के एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय से रामचंडी मंदिर परिसर गढ़फुलझर तक सायक्लोथॉन किया।

एनसीसी अधिकारी संजय कुमार कर ने बताया कि इस सायकल रैली में एनसीसी कैडेट्स के साथ विद्यालय के शिक्षक एवं भूतपूर्व एनसीसी कैडेट्स भी सम्मिलित हुए। एनसीसी गणवेश में विभिन्न गांवों से गुजरते हुए कैडेट्स का यह काफिला लोगों के लिए कौतुहल और आकर्षण का विषय रहा। विद्यार्थियों ने रामचंडी मंदिर पहुंचकर पूरे अनुशासन का परिचय देते हुए मंदिर एवं उसके आस-पास की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात




विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ द्वारा पकाए गए स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। भोजन के पश्चात छात्रों को एनएल भोई अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, केसी साहू पूर्व प्राचार्य, सुरेश पटेल प्राचार्य शाआउमावि बसना, केके पुरोहित प्राचार्य सेजेस एवं कमल चंद्र प्रधान ने संबोधित करते हुए कैडेट्स को एनससी दिवस की बधाई दी। साथ ही राष्ट्रसेवा का दायित्व पूरी निष्ठापूर्वक अपनाने का आह्वान किया। ग्राम के निवासी एवं शिक्षाविद् दुर्गाप्रसाद साहू ने कैडेट्स को गढ़फुलझर के इतिहास के विषय में सारगर्भित जानकारी दी, जिससे कैडेट्स ने अपने क्षेत्र के अतिमहत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात कैडेट्स अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अनुशासित होकर विद्यालय वापस लौटे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक. गिरिजा साहू, मंदाकिनी प्रधान, कामिनी तिवारी, साधना कैवर्त, सचिन देवांगन, सर्वेश सिंह, अशोक बंजारा, बालकृष्ण प्रधान, निर्मल प्रधान, जयंत बेहरा, विनोद यादव एवं कर्मचारी राजेंद्र बरिहा एवं भानुप्रताप नंद का उल्लेखनीय योगदान रहा। साथ ही कैडेट सीनियर विकास यादव, मनोज बगर्ती, नौशाद खान, योगेश मेहेर के साथ-साथ भूतपूर्व कैडेट्स वीरेंद्र साहू, पवन बेहरा, टेकनयन बंजारा, सुमीत मिर्धा, रोहन साहू, कमल पात्र, अभिषेक दास एवं बादल बेहरा ने सहयोग दिया।

# बेमचा समिति की घटना सरकार को बदनाम करने की साजिश : राहुल



**महासमुंद।** प्रदेश में निर्बाध रूप से चल रही धान खरीदी की सफल व्यवस्था से किसानों में खुशी की लहर है, दो दिन के अंदर किसानों को धान का भुगतान होने से किसान भाजपा सरकार के खरीदी व्यवस्था की सराहना कर रहे हैं। सरकार की इस सफलता से कांग्रेसियों में बौखलाहट है। धान खरीदी केंद्र बेमचा में जो गड़बड़ी सामने आई है, वह पूरी तरह से सरकार को बदनाम करने की नीयत से की गई कांग्रेसी मानसिकता के व्यक्ति का असफल प्रयास है। उक्त वक्तव्य भाजपा नेता राहुल चंद्राकर ने प्रकरण में शामिल लोगों की निंदा करते हुए कही। चंद्राकर ने कहा कि जागरूक किसानों की सक्रियता से अतिरिक्त धान खरीदी की गड़बड़ी पकड़ में आ गई। अन्यथा लाखों का चूना किसानों को लग सकता था। उन्होंने कहा कि बेमचा सहित अनेक खरीदी केंद्रों में कांग्रेसी मानसिकता के एक व्यक्ति द्वारा कांटा एवं अन्य सामग्रियों की सप्लाई की जा रही है। समितियों में पहुंचने से पहले ही सरकार को बदनाम करने की नीयत से अतिरिक्त भार की सेटिंग कर इलेक्ट्रॉनिक कांटे की सप्लाई की गई है। उक्त व्यक्ति द्वारा जहां-जहां कांटे की सप्लाई की गई है उसकी जांच होनी चाहिए। बेमचा समिति प्रभारी की मानें तो उक्त सप्लायर द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटे को विधायक कार्यालय व भाजपा कार्यालय से आने की बात अफवाह उड़ाकर विधायक व सरकार को बदनाम करने की साजिश की जा रही है, जो निंदनीय है। चंद्राकर ने कहा कि इस दिशा में शासन को विशेष तौर पर संज्ञान लेने की आवश्यकता है, ताकि किसानों को लूट से बचाया जा सके।

# 'सभी धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रानिक कांटे की हो जांच'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि महज 8-10 दिन में ही सरकार द्वारा की जा रही धान खरीदी में गड़बड़ी सामने आने लगी है। केवल एक समिति में साढ़े 5 लाख का अतिरिक्त धान किसानों को धोखा देकर ले लिया गया। बेमचा धान खरीदी केंद्र में जो गड़बड़ी सामने आयी है, इससे भाजपा सरकार की नीयत साफ झलक रही है। प्रत्येक कट्टा में 2 से 3 किलो अतिरिक्त धान की कांटामारी करना गंभीर मामला है। किसानों के मेहनत की कमाई की चोरी समिति कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। इस मामले में संलिप्त कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होना सत्ता पक्ष के लोगों की मिलीभगत को दर्शाता है।



चंद्राकर ने कहा कि ये आंकड़े सिर्फ एक समिति की है, और ऐसी 130 समितियों के 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से जिले में धान खरीदी हो रही है। इसमें सोचने योग्य बात ये है कि जिले के भोले भाले किसानों की मेंहनत की कमाई का करोड़ों रुपया लूट लिया जा रहा है, और किसानों को भनक तक नहीं लग रही। चंद्राकर ने कहा कि यदि शासन का नीयत धान खरीदी को लेकर साफ है, तो सभी धान खरीदी केंद्रों में संबंधित ग्रामों के किसानों की 10 सदस्यीय निगरानी दल गठित करें। तथा समस्त खरीदी केंद्रों के इलेक्ट्रानिक कांटे की जांच किया जाए। साथ ही समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार करें। जिससे किसान ठगने से बचे। चंद्राकर आगे कहा कि पहले ही किसानों को सरकार ने धान का भुगतान 3100 रुपए के हिसाब से न कर ठगने का काम किया है।

अंतर की राशि का भुगतान कब किया जाएगा। इसका अता-पता नहीं। केंद्र द्वारा दी जा रही एमएसपी 2300 के मान से भुगतान किया जा रहा है। राज्य की विष्णुदेव सरकार ने एकमुश्त 3100 रुपए भुगतान करने का वादा किया था, जिससे वे पीछे हट रही है। किसान अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।

# मितानिन लोगों में स्वास्थ्य जागरुकता व स्वास्थ्य लाभ के प्रचार प्रसार की अहम कड़ी : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

ग्राम पंचायत नर्रा में मितानिन दिवस पर सेवा सम्मान कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवक व पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल कोमाखान नवीन पटेल ने सरस्वती, भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी के चित्रों पर मल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने श्रीफल व साड़ी भेटकर मितानिनों को सेवा कार्यों के लिए सम्मान किए।

मुख्य अतिथि नवीन ने अपने उद्बोधन में मितानिनों के सेवा कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जनकल्याण के लिए समर्पण भावना से गांवों में अंतिम पायदान तक लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता, दवाई वितरण, प्रसूति आदि स्वास्थ्य लाभ पहुँचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अहम कड़ी के रुप में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। सेवा कार्यों में सुविधा प्रदान करने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नर्रा के सुचारू संचालन हेतु समास्याओं का निदान करने शासन प्रशासन में शीघ्र ही आवश्यक पहल करेंगे। विशेष अतिथि जनपद सदस्य नामेश्वरी दीवान एवं लोचन पटेल अध्यक्ष सहकारी समिति परसुली ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच गोपाल किशन पटेल ने धन्यवाद व आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संचालन सचिव ग्राम पंचायत नर्रा घनश्याम दीवान ने किया। इस अवसर पर मितानिन अमोतीन पटेल, माधुरी राजपूत, हेमलता साहू, सावित्री विश्वकर्मा, संतोषी पटेल, पतिराम साहू, पोखराज राजपूत, दया दीवान आदि उपस्थित रहे।






### कोसरंगी में मितानिनों का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कोसरंगी में मितानिन दिवस मनाया गया। जिसमें सरपंच उमा सुरेश साहू ने मितानिनों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंच कविता गिरी गोस्वामी, धनेश्वरी निषाद, प्रेमलता साहू, सुशीला साहू, पंचराम सारथी, कार्तिका ध्रुव, ग्राम के द्वारका साहू, घनश्याम निषाद, सुरेश कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

## तुमगांव नगर पंचायत कक्ष में धूमधाम से मनाया गया मितानिन दिवस

# तुमगांव नगर पंचायत में हुआ मितानिनों का सम्मान, कार्यों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव नगर पंचायत के सभाकक्ष में मितानिन दिवस पर मितानिनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए नगर के जनप्रतिनिधियों ने मितानिनों के कार्यों की सराहना की। भाजपा मंडल के अध्यक्ष व नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पप्पू कुमार पटेल ने कहा कि मितानिन नाम के अनुरूप मित्रता के साथ समाज के बीच शासन की दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। मितानिन चाहे प्राथमिक स्वास्थ्य की बात हो, प्रसव के पूर्व और प्रसव के पश्चात जच्चा-बच्चा की संपूर्ण देखरेख और शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आज शिशु मृत्यु दर में काफी कमी आई है। एक मित्रता के भाव से काम करने वाली मितानिन बहनों का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि, मितानिन बहनों की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। वहीं वार्ड पार्षद विजय बांधे ने कहा कि मितानिन मतलब एक सच्चा मित्र, एक साथी और एक मार्गदर्शक है। आप सभी ने अपनी मेहनत, लगन और निस्वार्थ सेवा से यह साबित कर दिया है कि समाज में बदलाव की असली ताकत जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों में ही होती है। भाजपा मंडल महामंत्री महिला मोर्चा अन्नपूर्णा निर्मलकर, सरस्वती मूर्ति ने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित हैं, लेकिन समस्त विभागों का जमीनी कार्य का संपादन बखूबी करती हैं। डेंगू, मलेरिया का सर्वे का कार्य हो या डेंगू मलेरिया से प्राथमिक उपचार और इससे बचाव समाज में जागरूकता लाने की भूमिका भी निभाती हैं। कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर जब लोग अपने परिवार की चिंता कर रहे थे तब मितानिन समाज की चिंता कर रहीं थीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी खीरसागर नायक, खुलेश साहू, ऑफ़रिन अंजुम, सुनीता उइके स्वास्थ्य अधिकारी, घनश्याम आरएचओ, ममता यादव स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, शांति देवांगन, सुनीता यादव मितानिन प्रशिक्षक, मनटोरा चंद्राकर मितानिन प्रशिक्षक, सीमा शर्मा, मीरा यादव, हेमिन निषाद, लाकेश्वरी यादव, नोकेश्वरी साहू, केसरी साहू, टुकेश्वरी ध्रुव, पुष्पा सेन आदि मौजूद रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411